अमर उजाला

Kanpur: नामी कंपनियों के नाम पर बन रहे थे नकली लेदर प्रोडक्ट, पुलिस ने तीन जगह छापेमारी कर पकड़ा माल

कानपुर के जाजमऊ में नामी कंपनियों के नाम पर बन रहे नकली लेदर प्रोडक्ट का मामला सामने आया है। कंपनी की शिकायत पर मंगलवार को पुलिस ने तीन जगह छापेमारी की। मामले में पुलिस कई लोगों पूछताछ कर रही है। साथ ही तहरीर पर मुकदमा दर्ज होने की बात सामने आ रही है।

जानकारी के अनुसार एक नामी कंपनी के लेदर प्रोडक्ट जाजमऊ इलाके में तीन अलग-अलग स्थान पर निर्मित हो रहे थे। इस जानकारी के बाद कंपनी के लीगल एडवाइजर ने पुलिस की मदद से तीन जगह में छापेमारी करवाई। यहां से कुछ लोगों को माल के साथ पकड़ा गया।

सभी को थाने लाया गया, जिससे भीड़ जमा हो गई। यहां पूछताछ का सिलसिला चल रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लाखों रुपये की ब्रांड की बेल्टें भी पकड़ी। पकड़े गए आरोपियों पर ट्रेडमार्क व कॉपीराइट अधिनियम के तहत थाना जाजमऊ में कार्रवाई की तैयारी है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/fake-leather-products-were-being-made-in-the-name-of-renowned-companies-police-raided-three-places-2024-01-09